NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

https://navbharattimes.indiatimes.com/real_-estate/gurugram-luxury-real-estate-trends-2026-why-people-buying-10-crore-flats-in-gurgaon/articleshow/130252698.cms

# गुरुग्राम में 10 करोड़ का फ्लैट क्यों खरीद रहे लोग? ब्रांडेड रेजिडेंस की क्यों बढ़ रही मांग, एक्सपर्ट्स ने बताया पूरा गणित

गुरुग्राम में ब्रांडेड रेजिडेंस का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है और खरीदार इसके लिए भारी-भरकम रकम खर्च करने के लिए तैयार हैं। लोग पुराने फ्लैट या अपार्टमेंट की बजाय बेहतर कनेक्टिविटी और लग्जरी लाइफस्टाइल वाले प्रीमियम घर खोज रहे हैं। बढ़िया कमाई और बढ़िया जगह की चाहत लोगों को ग्लोबल ब्रांड्स की ओर ले जा रही है।




ब्रांडेड रेजिडेंस का ट्रेंड अब सिर्फ विदेशों तक सीमित नहीं रह गया बल्कि इंडिया में भी इसकी डिमांड बढ़ रही है। गुरुग्राम इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यहां प्रीमियम ब्रांड्स की डिमांड तेजी से बढ़ रही है और डेवलपर्स भी इस सेगमेंट में तेजी से इन्वेस्ट कर रहे हैं।

सविल्स इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल यानी 2025 में शहर में ब्रांडेड होम्स का मार्केट तेजी से बढ़ा। इस दौरान याहन ब्रांडेड प्रोजेक्ट्स की संख्या 764 से बढ़कर 910 हो गई। व्हाइटलैंड कॉरपोरेशन के डायरेक्टर स्ट्रैटेजी, सुदीप भट्ट का मानना है कि गुरुग्राम आने वाले कुछ सालों में उत्तरी अमेरिका को टक्कर दे सकता है।

## लग्जरी लिविंग का बढ़ ट्रेंड

बड़े शहरों खासकर गुरुग्राम में ब्रांडेड रेजिडेंस का ट्रेंड बढ़ता जा रहा है। कई डेवलपर् वर्ल्ड क्लास हॉस्पिटैलिटी और लाइफस्टाइल वाले प्रोजेक्ट ला रहे हैं। हर लॉन्च के साथ लग्जरी लिविंग का बेंचमार्क ऊंचा होता जा रहा है।

खरीदार ऐसे घर खोज रहे हैं, जहां एंड-टू-एंड सर्विस, बेहतर डिजाइन, वर्ल्ड लेबल फैसिलिटीज हों, जो अक्सर फाइव-स्टार जैसी होती हैं। नोएसिस कैपिटल एडवाइजर्स के शोध से पता चलता है कि दिल्ली-एनसीआर 2117 यूनिट्स के साथ ब्रांडेड रेजिडेंस मार्केट में सबसे आगे है।

## हाई-एंड ब्रांड्स रियल एस्टेट सेक्टर में क्यों आ रहे हैं?

मार्केट में प्रीमियम सेगमेंट हाउसिंग की डिमांड बढ़ने से लग्जरी और ग्लोबल ब्रांड्स मार्केट में आ रहे हैं। डेवलपर्स के लिए एली साब, ट्रंप ऑर्गनाइजेशन, मैरियट इंटरनेशनल या जैकब एंड कंपनी जैसे बड़े नामों के साथ जुड़ना उन्हें भीड़ भरे बाजार में अलग पहचान दिलाता है। पहले यह ट्रेंड मुंबई तक सीमित था लेकिन 2018 में गुरुग्राम में ट्रंप टावर आने के बाद इसमें तेजी आई। ऐसे ब्रांड्स खासकर द्वारका एक्सप्रेसवे जैसे प्रमुख कॉरिडोर और नोएडा में आ रहे हैं।

> **हमारा मकसद ऐसी ट्रॉफी प्रॉपर्टीज और अल्ट्रा-लग्जरी रियल एस्टेट बनाना है, जो डिजाइन और अपनी खास पहचान दोनों में सबसे अलग हों। इसे हासिल करने के लिए हमने ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के साथ पार्टनरशिप की, जो दुनिया भर में लग्जरी और ब्रांड-बेस्ड रियल एस्टेट का दूसरा नाम है।**
>
> रजत खंडेलवाल, सीईओ, ट्राइबेका डेवलपर्स ग्रुप

### गुरुग्राम क्यों बन रहा ब्रांडेड हाउसिंग का सेंटर?

**1) बेहतर कनेक्टिविटी:** गुरुग्राम एनसीआर के सबसे बड़े लग्जरी रियल एस्टेट हब के रूप में तेजी से उभर रहा है। इसकी वजह बेहतर सड़कें, एक्सप्रेसवे और तेजी से डेवलप होते नए इलाके हैं। यही वजह है कि यहां ब्रांडेड लग्जरी घरों की डिमांड लगातार बढ़ रही है।




**2) द्वारका एक्सप्रेसवे ने बदली तस्वीर:** गुरुग्राम में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए द्वारका एक्सप्रेसवे सबसे बड़ा कारण है। इसके आसपास प्रॉपर्टी की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसके अलावा साउदर्न पेरिफेरल रोड और सोहना जैसे इलाके भी तेजी से डेवलप विकसित हो रहे हैं। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के चालू होने और आने वाले इंडस्ट्रियल हब के कारण यहां प्रॉपर्टी की कीमतें बढ़ी हैं।

## भारत का पहला वेस्टिन-ब्रांडेड प्रोजेक्ट गुरुग्राम में

व्हाइटलैंड कॉरपोरेशन और मैरियट इंटरनेशनल मिलकर गुरुग्राम में इंडिया का पहला वेस्टिन-ब्रांडेड प्रोजेक्ट 'वेस्टिन रेजिडेंस गुरुग्राम' बना रहे हैं। इस पर सुदीप भट्ट ने कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे के किनारे यह प्रोजेक्ट करीब 15000 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। इसमें हेल्थ, मॉर्डन डिजाइन और इंटरनेशनल वाली क्वालिटी का खास ध्यान रखा जा रहा है। यह प्रोजेक्ट ब्रांडेड रेजिडेंस की वर्ल्ड मार्केट में इंडिया की पोजीशन को और मजबूत करेगा।

## गुरुग्राम में ब्रांडेड रेजिडेंस की कीमत

- एम3एम इंडिया ग्रुप के प्रेसिडेंट रॉबिन मंगला ने कहा कि ट्रंप टावर गुरुग्राम की कीमत 14.5 करोड़ से 25 करोड़ तक है
- एम3एम जैकब एंड कंपनी रेजिडेंस में 3, 4 और 5 बीएचके प्रीमियम लग्जरी घर 14 करोड़ से 25 करोड़ के बीच उपलब्ध
- हाल ही में लॉन्च हुए 'सिग्नेचर रेजिडेंसेज बाय एली साब' की कीमत 15.5 करोड़ से 17 करोड़ के बीच है, जिसकी औसत दर लगभग 37000 प्रति वर्ग फुट है
- द फाल्कन बाय डेलकोर, सेक्टर 53, गुरुग्राम के 3 और 4 BHK की कीमत 10 करोड़ से शुरू
- वेस्टिन रेजिडेंसेस गुरुग्राम, सेक्टर 103, गुरुग्राम के 3.5 BHK और 4.5 BHK की कीमत 7 करोड़ से शुरू होकर 12 करोड़ तक

## क्या आगे भी बढ़ेगा ब्रांडेड रेजिडेंस का ट्रेंड?

रजत खंडेलवाल ने कहा कि ब्रांडेड हाउसिंग की डिमांड टेम्परेरी ट्रेंड नहीं है बल्कि यह अल्ट्रा-प्रीमियम रियल एस्टेट फ्यूचर है। लोगों की इनकम और प्रॉपर्टी बढ़ने से खरीदार पहले से ज्यादा समझदार हो रहे हैं। वे ऐसी प्रॉपर्टी चाहते हैं, जहां उन्हें बेहतर एक्सपीरियंस, क्वालिटी की गारंटी और एक मजबूत ब्रांड मिले।

> **ब्रांडेड रेजिडेंस भारत में लग्जरी घरों की सोच को बदल रहे हैं। हम एक ऐसे दौर में हैं, जहां अमीर और समझदार खरीदार अब वर्ल्ड क्लास घरों को प्रायोरिटी दे रहे हैं। ये घर सिर्फ अच्छे डिजाइन तक सीमित नहीं हैं बल्कि बेहतर लाइफस्टाइल भी शामिल है। आज लोग सिर्फ घर नहीं खरीद रहे बल्कि बेहतर लाइफस्टाइल चुन रहे हैं।**
>
> आशीष जेरथ, प्रेसिडेंट (सेल्स एंड मार्केटिंग), स्मार्टवर्ल्ड डेवलपर्स

## गुरुग्राम में YOO इंस्पायर प्रोजेक्ट भी

डैलकोर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि हम इस बदलाव को साफ तौर पर देख रहे हैं। 'YOO inspired by Starck' जैसे बड़े डिजाइन स्टूडियो के साथ हमारी पार्टनरशिप उत्तर भारत में एक बेंचमार्क बना रही है। 'द फाल्कन' प्रोजेक्ट गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर बन रहा है, जो लिमिटेड और प्रीमियम प्रॉपर्टी के रूप में तैयार किया जा रहा है। यह अपने डिजाइन, क्वालिटी और फैसिलिटी के कारण अलग पहचान बनाएगा।